# आईसीएफएआई विश्वविद्यालय कुम्हारी द्वारा लोक कल्याणकारी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सम्पन्न किया गया

## सड़क पर सुरक्षित रूप से चलने पर सत्र-2025

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी

www.dailypioneer.com

आईसीएफएआई विश्वविद्यालय कुम्हारी/ रायपुर के वाणिज्य संकाय ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के हिस्से के रूप में "सड़क पर सुरक्षित रूप से चलने पर सत्र" का आयोजन कर सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता प्रचारित किया। सत्र छात्रों, शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों और ड्राइवरों के लिए आयोजित किया गया था। सत्र का उद्घाटन कुलपति डॉ. एस.पी. दुबे. द्वारा दिया गया। सत्र के वक्ता ड्राइविंग और यातायात अनुसंधान संस्थान नया रायपुर छत्तीसगढ़ (आईडीटीआर) के संयुक्त निदेशक अमित गुप्ता थे उन्होंने छात्रों,



कर्मचारियों और ड्राइवरों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में शिक्षित करने के लिए इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय को सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमों और विनियमों के पालन के महत्व के बारे में शिक्षित करना था। सभी को इस सार्वजनिक मुद्दे के बारे में जागरूक होने की जरूरत है। सड़कों पर सुरक्षा के लिए सख्त नियम-कायदे जरूरी हैं सभी को वाहन चलाते समय या वाहन का उपयोग करते समय निर्देशों और नियमों का पालन करना चाहिए। हमारा जीवन हमारे हाथ में है इसलिए सड़क का उपयोग करते समय नियमों और उचित निर्देशों का पालन करना आवश्यक है। इस सत्र में सड़क सुरक्षा उपायों के महत्व पर भी जोर दिया गया और ड्राइवरों को सुरक्षित ड्राइविंग को प्राथमिकता देने के लिए सड़क सुरक्षा मापदंडों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. रुचि गुप्ता थी। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ. मनीष उपाध्याय द्वारा दिया गया।

## स्वस्थ जीवन के लिए रक्तदान महत्वपूर्ण

31-1-2025 को एम्स रायपुर के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। छात्रों और कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया और लगभग 30 प्रतिभागियों ने अपना रक्तदान किया। उपकुलपति डॉ. एसपी दुबे, रजिस्ट्रार डॉ. मनीष उपाध्याय ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. पीडी शर्मा, डॉ. शुभ्रा तिवारी, शशांक दयाल थे। एम्स टीम का नेतृत्व डॉ. धनजय, डॉ. गिरीश और डॉ. विक्रांत ने किया।